न्यायालय जिला कलक्टर, डीडवाना–कुचामन

पीठासीन अधिकारी– डॉ. महेन्द्र खड़गावत, आई.ए.एस.

अपील संख्या– 58 / 2023
जी.सी.एम.एस. पोर्टल नम्बर 2023 / 99

अपीलान्ट

उमा देवी पुत्री चौथुराम जाति जाट, निवासी ढ़िंगसरी तहसील, लाड़नू

बनाम

रेस्पोडेन्ट

1. नन्दाराम पुत्र चौथुराम जाति जाट निवासी खुनखुना, तहसील डीडवाना
2. रूपा देवी पुत्री चौथुराम जाति जाट निवासी गांवडियो की ढाणी तहसील डीडवाना
3. छोटाराम पुत्र मोबाराम जाति जाट निवासी बाण्डोलाई की ढाणी तहसील डीडवाना
4. बावड़ी पुत्री मोबाराम जाति जाट निवासी रणसीसर चारणा, तहसील डीडवाना
5. श्रीमान पटवार हल्का, बकवास, पटवार मण्डल खरेश, तहसील डीडवाना
6. श्रीमान तहसीलदार महोदय, डीडवाना

अपील अधीन धारा 75 एल.आर.एक्ट
अपील विरूद्ध नामान्तरण संख्या 50 स्वीकृत दिनांक 16.12.2022 तहसीलदार, डीडवाना

–:निर्णय:–

दिनांक : 19.11.2025

अपीलांट की ओर से अपील के तथ्य संक्षेप्त में इस प्रकार है कि:–हमारी पैतृक खातेदारी का खेत खसरा नम्बर 316 रकबा 2.0800 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 409 रकबा 0.5100 हैक्टेयर वाके सरहद बकवास में अवस्थित है। छोटाराम व बावड़ी दोनो ही मोबाराम की जाईन्दा सन्तान हैं तथा चौथुराम की मृत्यू के पश्चात वर्तमान में उपरौक्त वर्णित खसरा नम्बरान में बाला बाला ही छोटाराम ने चौथुराम का मृत्यु प्रमाण पत्र पेश कर विरासती नामान्तरण में विधिक वारिसान उमा देवी, नन्दाराम व रूपा देवी के साथ कुटरचना कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर छोटाराम स्वयं ने अपना नाम व अपनी बहिन बावड़ी का नाम भी नामान्तरण में दर्ज करवा लिया।

अतः अपील अपीलान्ट पेश कर निवेदन है कि अपीलार्थी की अपील स्वीकार फरमायी जाकर अपीलाधीन खेत खसरा नम्बर 316 रकबा 2.0800 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 409 रकबा 0.5100 हैक्टेयर वाके सरहद बकवास का नामान्तरण संख्या 50 दिनांक 16.12.2022 जरिये स्वीकृत तहसीलदार डीडवाना को अपास्त कर विधि अनुसार कार्यवाही किये जाने का आदेश पारित किया जावे।

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahendra Khadgawat
Date: 2026.04.01 16:00:43 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलक्टर
डीडवाना–कुचामन

जिला कलक्टर डीडवाना–कुचामन सत्यमेव जयते

उक्त प्रकरण में कार्यालय हाजा के पत्रांकः–कोर्ट/2025/458 दिनांक 11.11.2025 के द्वारा तहसीलदार डीडवाना से रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार डीडवाना के पत्रांकः–प.1(14)रीडर/2025/604 दिनांकः–18.11.2025 के द्वारा रिपोर्ट प्राप्त हुई। तहसीलदार, डीडवाना ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि खातेदार चौथूराम पुत्र कुशालाराम जाति जाट निवासी खुनखुना के दो पत्नियां थी जो दोनों फौत हो चुकी है। प्रथम पत्नि बरजी के दो पुत्र व दो पुत्रियां थी जिन में एक पुत्र फौत हो चुका है, जिस के कोई सन्तान नहीं थी, शेष एक पुत्र व दो पुत्रियां थी जिनका नाम नामान्तरण में दर्ज है। दुसरी पत्नि मूलीदेवी के एक पुत्र व एक पुत्री है जिनका नामान्तरण में दर्ज है। इस प्रकार मौजा बकवास के नामान्तरण संख्या 50 दिनांक 16.02.2022 सही दर्ज किया गया है।

पत्रावली पर उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। तहसीलदार, डीडवाना की रिपोर्ट अनुसार नामान्तरण संख्या 50 दिनांक 16.02.2022 सही दर्ज किया गया है। अतः अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है।

निर्णय आज दिनांक **19.11.2025** को मेरे द्वारा लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

19.11.2025

(डॉ. महेन्द्र खड़गावत, IAS)
जिला कलक्टर
डीडवाना–कुचामन
जिला कलक्टर
डीडवाना–कुचामन

जिला कलक्टर
सत्यमेव जयते
डीडवाना–कुचामन

Signature Not Verified

Digitally signed by Mahendra Khadgawat
Date: 2026.04.01 15:00:43 IST
Reason: SelfAttested